

"मुझे बहुत अधिक लेग स्पिनरों में टेस्ट क्रिकेट खेलने की महत्वाकांक्षा नहीं दिखती। लेग स्पिनरों के परिणाम देखकर मुझे वास्तव में निराशा होती है। वे केवल सफेद गेंद की क्रिकेट में सफल होते हैं जब बल्लेबाज आक्रमण पर ध्यान देते हैं और उन्हें विकेट मिलते हैं।" – लक्ष्मण शिवरामकृष्णन

पर्वू भारतीय क्रिक्रेटर, लेग स्पिनरों को लेकर।

**आज का खिलाड़ी** मिताली राज



भारत को अगले साल की शुरुआत में होने वाले महिला विश्व कप से पहले सिर्फ एक श्रृंखला खेलनी है लेकिन एकदिवसीय टीम की कप्तान मिताली राज का मानना है कि टीम को इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से पहले सर्वश्रेष्ठ संभव तैयारी का मौका मिल रहा है। पिछले नौ महीने में भारत ने दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी की और फिर इंग्लैंड तथा आस्ट्रेलिया में तीन-तीन मैचों की श्रृंखला खेली। भारत ने ये तीनों श्रृंखलाएं गंवाई लेकिन आस्ट्रेलिया की बेहद मजबूत टीम को काफी पसीना बनाने को मजबूर किया और साथ ही उसकी सरजमीं पर तीसरा एकदिवसीय मुकाबला जीतकर टीम के लगातार 26 मैचों में जीत के क्रम को तोड़ा।

**क्या आप जानते है ?** किसी भी ओलम्पिक खेल समारोह में सबसे पहले स्टेडियम में यूनान का खिलाड़ी दल और आखिर में आयोजक देश का खिलाड़ी दल प्रवेश करता है।

# भारत जूनियर विश्व कप हॉकी के सेमीफाइनल में

भुवनेश्वर, 01 दिसम्बर। गत चैंपियन भारत ने बेल्जियम की कड़ी चुनौती पर बुधवार को 1-0 से काबू करते हुए जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

पहला क्वार्टर गोलरहित रहने के बाद मैच का एकमात्र महत्वपूर्ण गोल शारदानंद तिवारी ने 21वें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर किया और इस बढ़त को अंत तक बरकरार रखा।

मुकाबला काफी कड़ा रहा और दोनों टीमों ने जीत हासिल करने के लिए अपना सबकुछ दांव पर झोंक दिया। मैच में संघर्ष का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दूसरे क्वार्टर के गोल को छोड़कर दोनों टीमें बाकी तीन क्वार्टर में कोई गोल नहीं कर सकीं।

भारत का सेमीफाइनल में तीन दिसम्बर को जर्मनी के साथ मुकाबला होगा जिसने एक अन्य क्वार्टरफाइनल में स्पिन के खिलाफ निर्धारित समय तक मुकाबला 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूट आउट में 3-1 से जीत हासिल की।

तीन दिसम्बर को ही पहला सेमीफाइनल फ़्रांस और अर्जेंटीना के बीच खेला जाएगा। फ़्रांस ने क्वार्टरफाइनल में मलेशिया को 4-0 से और अर्जेंटीना ने हॉलैंड को 2-1 से पराजित किया।



## टिमोथी की हैट्रिक से फ़्रांस सेमीफाइनल में

भुवनेश्वर, 01 दिसम्बर। कप्तान टिमोथी क्लेमेंट की शानदार हैट्रिक की बदौलत फ़्रांस ने मलेशिया को बुधवार को 4-0 से पराजित कर जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। यहां कलिंगा स्टेडियम में खेले गए तीसरे क्वार्टरफाइनल में फ़्रांस ने पूरे समय मलेशिया पर अपना दबदबा बनाये रखा। फ़्रांस ने अपने चारों गोल पेनल्टी कार्नर पर दागे। क्लेमेंट ने 14वें ,24वें और 60वें मिनट में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। टीम का एक अन्य गोल माथिस क्लेमेंट ने पेनल्टी कार्नर पर 31वें मिनट में किया। मलेशिया की टीम अपनी तमाम कोशिशों के बावजूद कोई गोल नहीं कर सकी।


# ऑलराउंडरों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंचे जाडेजा

**सात विकेट लेने वाले आफरीदी इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन, दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबादा और न्यूज़ीलैंड के नील वैगनर को पीछे छोड़ते हुए पांचवें स्थान पर पहुंचे**

दुबई, 01 दिसम्बर। ऑलराउंडरों की टेस्ट रैंकिंग में भारत के रवींद्र जडेजा एक स्थान उठकर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनसे आगे अब केवल वेस्टइंडीज़ के जेसन होल्डर हैं। जाडेजा ने न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ कानपुर में ड्रा रहे पहले टेस्ट में अर्धशतक लगाया था और साथ ही पांच विकेट भी लिए थे।

गेंदबाज़ों की रैंकिंग में जाडेजा 19वें स्थान पर आ गए हैं। वहीं,बंगलादेश के ख़िलाफ़ पहले टेस्ट में पांच विकेट लेकर पाकिस्तान को आठ विकेट से जीत दिलाने वाले शाहीन शाह आफ़रीदी पहली बार आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पांच में पहुंच गए हैं। इस मैच में सात विकेट लेने वाले आफरीदी इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन, दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबादा और न्यूज़ीलैंड के नील वैगनर को पीछे छोड़ते हुए पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

आफ़रीदी ने जिन तीन खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा है, उनमें दोबारा आगे निकलने का मौक़ा है। वैगनर अगर भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में खेलते हैं तो उनके पास यह मौक़ा होगा। वहीं एंडरसन अगले सप्ताह से शुरू हो रही एशेज़ सीरीज़ में आगे निकल सकते हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के रबादा भारत के खिलाफ शुरू होने वाली घरेलू सीरीज़ में फिर से आगे बढ़ सकते हैं। वहीं आफरीदी के साथ हसन अली पांच स्थान की छलांग लगाकर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। हसन ने बंगलादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में पारी में पांच विकेट समेत कुल सात विकेट लिए थे। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले काइल जेमीसन नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं टिम साउदी दूसरे स्थान पर मौजूद रविचंद्रन अश्विन से बस एक रेटिंग अंक पीछे रहते हुए तीसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के नए कप्तान पैट कमिंस



गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर हैं। बल्लेबाज़ों में टॉम लाथम और दिमुथ करुणारत्ने ने कानपुर टेस्ट और गॉल टेस्ट में बेहतरीन प्रदर्शन करके रैंकिंग में सुधार किया है। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में 95 और 52 रनों की पारी की बदौलत लाथम पांच स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## अचिवर्स ने वेग्नस को 8-6 से हराया

जयपुर 01 दिसम्बर। विमल एरियोन अचिवर्स ने भावनगर पोलो ट्रॉपी में डॉर्स एण्ड वेग्नस को 8-6 से हरा दिया।

अचिवर्स के लिए डेनियस ओरामेगि ने तीन, पदमनाम सिंह ने दो, कुलदीप सिंह, अशोक चांदन और लोकेन्द्र ने एक-एक गोल किया। हौर्स एण्ड बेग्नस के लिए धुवपाल गोदारा के तिकडी सहित पांच जने सिर्द्धात शर्मा न एक गोल किया।

## शूटआउट में स्पेन को 3-1 से हरा कर जर्मनी सेमीफाइनल में

भुवनेश्वर, 01 दिसंबर। छह बार की विश्व विजेता जर्मनी की जूनियर पुरुष हॉकी टीम बुधवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में स्पेन को शूटआउट में 3-1 से हरा कर जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप 2021 के सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली पहली टीम बन गई। भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में सुबह 10.30 बजे खेला गया पहला क्वार्टर फाइनल मैच काफी रोमांचक और 2-2 से बराबर रहा, लेकिन जर्मनी ने शूटआउट में स्पेन से आगे निकल कर बाजी मार ली। मैच ड्रॉ होने के बाद हुए शूटआउट में जर्मनी ने तीन गोल दागे, जबकि स्पेन महज एक ही गोल कर पाया। दोनों टीमों ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन जर्मनी पांचवें मिनट में गोल दाग कर 1-0 की बढ़त लेने में कामयाब रहा। क्रिस्टोफर कुटर ने पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए यह गोल दागा, हालांकि इसके कुछ ही मिनटों बाद स्पेन ने गोल दाग कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इग्नासिओ अबाजो ने 11वें मिनट में यह गोल किया। इसके बाद दोनों ही टीमों ने एक-दूसरे को कड़ी चुनौती दी और तीसरे क्वार्टर तक गोल नहीं करने दिया। चौथा क्वार्टर भी गोल रहित जाता हुआ दिख रहा था, लेकिन स्पेन के एडवार्ड दे इग्नैशियो-सिमो ने 59वें और जर्मनी के मैसी फैंड्ट के 60वें मिनट में गोल दागा।

## अर्जेंटीना ने हॉलैंड को 2-1 से हरा कर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

भुवनेश्वर, 01 दिसंबर। अर्जेंटीनियाई जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हॉलैंड (नीदरलैंड) को 2-1 से हरा कर यहां जारी एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप 2021 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

कलिंग स्टेडियम में बुधवार दोपहर को खेला गया यह दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच काफी रोमांचक रहा, जिसमें दोनों ही टीमों ने एक-दूसरे को कड़ी चुनौती दी। दोनों का डिफेंस शानदार रहा, जिसकी बदौलत पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। दूसरे क्वार्टर में भी एक समय पर गोल की कोई उम्मीद नहीं लग रही थी, लेकिन जोकिन क्रूगर ने 24वें मिनट में शानदार फील्ड गोल दाग कर अर्जेंटीना को 1-0 की बढ़त दिलाई। हॉलैंड भी हालांकि पीछे नहीं रहा और 25वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, जिसे माइल्स बुकेन्स ने गोल में तब्दील करने में चूक नहीं की। इसी के साथ दूसरे क्वार्टर का खेल 1-1 के स्कोर पर समापत हुआ। इसके बाद दोनों टीमों के बीच और कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। दोनों ने एक-दूसरे के डिफेंस को भेदने और गोल दागने की कई कोशिशें की, लेकिन दोनों ने ही एक-दूसरे को कामयाब नहीं होने दिया। तीसरा क्वार्टर गोल रहित रहने के बाद चौथा और अंतिम क्वार्टर गोल रहित और मैच ड्रॉ होता लग रहा था।

## सिंधु और श्रीकांत ने वर्ल्ड टूर फाइनल में जीत के साथ की शुरुआत

बाली, 01 दिसंबर। भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और श्रीकांत किदांबी ने इंडोनेशिया के बाली में बुधवार को शुरू हुए बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल 2021 टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरुआत की।

पीवी सिंधु ने जहां अपने पहले ग्रुप चरण मैच में डेनमार्क की लिन क्रिस्टोफरसन को 21-14, 21-16 से हराया, वहीं श्रीकांत ने 42 मिनट तक चले पुरुष एकल के ठ्ुप बी के अपने पहले मैच में फ्रांस के तोमा जूनियर पोपोव को 21-14, 21-16 से हराया।

इससे पहले हालांकि बुधवार को अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की भारतीय महिला जोडी को महिला युगल ग्रुप बी के अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा। जापान की नामी मत्सुयामा और चिहारू शिदा ने 43 मिनट तक चले इस मैच में भारतीय जोड़ी को 21-14, 21-18 से शिकस्त दी।

उल्लेखनीय है कि इसके अलावा आज शाम को युवा खिलाड़ी लक्ष्य सेन पुरुष एकल तथा सात्विक सैराज और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी अपने ग्रुप चरण के मैचों में चुनौती पेश करेगी।

आत्मविश्वास से भरे श्रीकांत का अगला मुकाबला अब गुरुवार को कुनलावुत विटिडसर्न से होगा, जबकि पीवी सिंधु यवोन ली से भिड़ेंगी। वहीं अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की महिला युगल जोड़ी गुरुवार को अपनी पहली जीत की तलाश में होगी, जब उनका मुकाबला बुल्गारिया की गैब्रिएला स्टोएवा और स्टेफनी स्टोएवा से होगा।

## ग्लेजर समूह ने यूएई टी-20 लीग में टीम खरीदने की पुष्टि की

लंदन, 01 दिसंबर। इंग्लैंड के प्रमुख फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड एफसी के मालिक ग्लेजर्स समूह ने यूएई टी-20 लीग में टीम खरीदने की पुष्टि की है, जो अगले साल की शुरुआत में खेली जाएगी, जिसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज के स्वामित्व वाली मुंबई इंडियंस, शाहरुख खान के स्वामित्व वाली कोलकाता नाइट राइडर्स और जीएमआर के स्वामित्व वाली दिल्ली कैपिटल की भी भागीदारी है।

समूह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उन्होंने अपनी मूल कंपनी लांसर कैपिटल के माध्यम से छह टीमों वाली इस लीग में एक फ्रेंचाइजी खरीदी है। लांसर कैपिटल के अध्यक्ष अवराम ग्लेजर ने बुधवार को लीग में शामिल होने की पुष्टि करते हुए कहा, मैं यूएई टी-20 लीग के गठन के समय इसका हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। यूएई टी-20 लीग के एक विश्व स्तरीय इवेंट होने का वादा किया गया है जो अमीरात में क्रिकेट के विकास के लिए परिवर्तनकारी होगा।

समझा जाता है कि मैनचेस्टर यूनाइटेड के अलावा 2005 से प्रीमियर लीग फुटबॉल टीम के सह अध्यक्ष रहे अवराम ग्लेजर ने सुपर बाउल में टैम्पा बे बुकेनियर्स सहित कई तरह की खेल संपत्तियों में निवेश किया है।

# कतर ने फीफा अरब कप के उद्घाटन दिवस पर किया दो विश्व कप स्टेडियमों का उद्घाटन

कतर, 01 दिसम्बर। कतर ने फीफा अरब कप 2021 के उद्घाटन के दिन दो फीफा विश्व कप 2022 स्टेडियम अल बेयत और 974 का उद्घाटन किया।

पुरातनकाल में खाड़ी क्षेत्र में खानाबदोश लोगों द्वारा उपयोग में लिए जाने वाले तंबू से मिलते-जुलते 60,000 सीटों वाले स्टेडियम अल बेयत ने बहरीन के खिलाफ कतर की 1-0 से जीत की मेजबानी की। स्टेडियम एक साल के अंदर होने वाले कतर 2022 विश्व कप के उद्घाटन मैच की भी मेजबानी करेगा।

अल बेयत के उद्घाटन में कतर के हिज हाइनेस अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने भाग लिया, जिन्होंने आधिकारिक तौर पर टूर्नामेंट की शुरुआत की घोषणा की।

अल बेयत के उद्घाटन के ठीक बाद, स्टेडियम 974 ने भी अपने पहले गेम की मेजबानी की। मुख्य रूप से शिपिंग कंटेनरों से बने 40,000-क्षमता वाला स्थल सीरिया के खिलाफ संयुक्त अरब अमीरात की 2-1 से जीत का मंच बना। स्टेडियम 974 फीफा विश्व कप इतिहास का पहला पूरी तरह से अलग करने योग्य स्टेडियम है। इसका नाम इसके निर्माण में उपयोग लिए गए शिपिंग कंटेनरों की संख्या और कतर के अंतर्राष्ट्रीय डायलिंग कोड के आधार पर रखा गया है। इसे महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताते हुए डिलीवरी एंड लिगेसी के लिए सुप्रीम कमेटी के महासचिव एच.ई. हसन अल थवाडी ने कहा, फीफा अरब कप चार रोमांचक मैचों और दो स्टेडियमों के उद्घाटन के साथ शुरू हो गया है, जो अगले साल फीफा वर्ल्ड कप के दौरान उपयोग किए जाएंगे। हमें दोनों स्थानों पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है। अल बेयत कतरी और अरब संस्कृति को समर्पित है, जबकि स्टेडियम 974 नवाचार और स्थिरता का प्रतीक है। हमें यकीन है कि दुनियाभर के प्रशंसक अरब कप और अगले साल के विश्व कप दोनों के दौरान इन अत्याधुनिक स्थानों का आनंद लेंगे। फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा, अल बेयत एक ऐसा घर है, जहां हर कोई एकजुट है, जहां हर कोई एक साथ आ रहा है। यह इस बात का प्रतीक है कि विश्व कप क्या दर्शाता है। अरब कप आज का प्रतिनिधित्व करता है। विश्व कप अगले साल एक साथ आने वाले लोगों का प्रतिनिधित्व करेगा। दुनियाभर से आने वाले लोगों के एकजुट होने का प्रतीक बनेगा। इसलिए, इतने खूबसूरत स्टेडियम में खेल होना कुछ ऐसी चीज है, जिसे हमें संजोना है और यह विश्व कप की सफलता के लिए महत्वपूर्ण होगा।

## दक्षिण अफ्रीका दौरे पर फैसले के लिए काफी समय है : गांगुली

नयी दिल्ली, 01 दिसंबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने दक्षिण अफ्रीका में कोरोना के नए ओमिक्रोन वैरिएंट के संक्रमण के जोखिम के बीच भारत के दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे के फिलहाल तय समयानुसार होने की बात कही है।



गांगुली ने मंगलवार रात को दिए एक बयान में कहा, यह दौरा अभी टला नहीं है। हमारे पास फैसला लेने के लिए काफी समय है। फिलहाल दक्षिण अफ्रीका का दौरा तय समयानुसार ही होगा। कोरोना के नए वैरिएंट के सामने आने से जो स्थिति पैदा हुई है, उस पर हम पैनी नजर बनाए हुए हैं। अभी जो स्थिति बनी हुई है, उसके हिसाब से दौरा होने की पूरी संभावना है। पहला टेस्ट 17 दिसंबर से होना है। हम इस पर विचार करेंगे। उधर मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बीसीसीआई अभी इस दौरे के लिए केंद्र सरकार की ओर से अनुमति का इंतजार कर रहा है। इसके बाद ही फैसला होगा कि भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका जाएगी या नहीं। साथ ही इस दौरे को रिशेड्यूल किए जाने की भी जानकारी है। टेस्ट, वनडे और टी-20 तीनों सीरीज के कुछ मैच कम किए जा सकते हैं। समझा जाता है कि क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) की बीसीसीआई के साथ सकारात्मक बातचीत चल रही है और उन्हें भरोसा है कि भारत का दौरा योजना के मुताबिक होगा। सीएसए के कार्यकारी सीईओ फोलेत्सी मोसेकी ने इस बारे में एक बयान में कहा था, हमारी बीसीसीआई के साथ बातचीत चल रही है और भारतीय टीम यहां आने के लिए उत्सुक है। हमारी सरकार हमारी मदद करना चाहती है और हम अपने भारतीय समकक्षों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि सब कुछ पटरी पर है। हमने दो बायो बबल बनाने की तैयारी की है। हमने इंग्लैंड दौरे से बहुत कुछ सीखा है। जब हम इस दौरे की तैयारी तर रहे थे तो हमने मैचों की संख्या को देखते हुए गोटंग और केप टाउन के लिए तैयारी की है। प्लान यही है कि जोहानसबर्ग से केपटाउन तक चार्टर फ्लाइट का इंतजाम होगा। इस नए कोरोना वैरियंट के आने से पहले भी यही प्लान था।

## बेंगलुरु में 22 दिसंबर को होगा प्रो कबड्डी लीग का आगाज

बेंगलुरु, 01 दिसंबर। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आठवें सीजन का बेंगलुरु में आगामी 22 दिसंबर को आगाज होगा। वीवो प्रो कबड्डी लीग के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने बुधवार को टूर्नामेंट के आठवें सीजन के पहले हाफ का शेड्यूल जारी करते हुए इसकी घोषणा की है।

आयोजकों के मुताबिक शेरेटन ग्रैंड बेंगलुरु व्हाइटफील्ड होटल एंड कन्वेंशन सेंटर में पूरा सीजन बिना दर्शकों के आयोजित किया जाएगा। आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने पीकेएल सीजन आठ के लिए एक विशेष प्रारूप के रूप में पहले चार दिनों में ट्रिपल हेडर मुकाबले निर्धारित किए हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि देश भर के कबड्डी प्रशंसकों को लीग के शुरुआती दिनों में अपनी प्रत्येक पसंदीदा टीम खेलती हुई दिखे। यू मुंबा और बेंगलुरू बुल्स के बीच मुकाबले के साथ सीजन की शुरुआत होगी, जबकि दूसरे मैच में तेलुगु टाइटन्स और तमिल थलाइवास के बीच भिड़ंत होगी। पहले दिन के तीसरे और आखिरी मैच में यूपी योद्धा गत विजेता बंगाल वारियर्स का सामना करेंगे। टूर्नामेंट के दौरान ट्रिपल हेडर मैच केवल शनिवार को खेले जाएंगे, जो शाम 7.30, रात 8.30 बजे और रात 9.30 बजे शुरू होंगे। आयोजकों के अनुसार आठवें सीजन के दूसरे हाफ का शेड्यूल अगले साल जनवरी के मध्य में जारी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के खतरे के मद्देनजर खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आयोजकों ने शेरेटन ग्रैंड बेंगलुरु व्हाइटफील्ड होटल एंड कन्वेंशन सेंटर को पूरी तरह से सुरक्षित बायो-बबल में बदल दिया है।

## वेस्ट इंडीज को मिली 49 रन की बढ़त

गाले, 01 दिसम्बर। वेस्ट इंडीज ने श्रीलंका को दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में 204 रन पर समेटने के बाद बुधवार को तीसरे दिन एक विकेट के नुकसान पर 69 रन से आगे खेलते हुए 253 रन बनाये और पहली पारी में 49 रन की बढ़त हासिल की। श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी में दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट खोकर 46 रन बना लिए हैं और वह अभी पहली पारी में तीन रन से पीछे है। कप्तान क्रैग ब्रैथवेट ने 22 और एन्क्रुमाह बॉनर ने एक रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। बॉनर 95 गेंदों पर 35 रन बनाकर टीम के 137 के स्कोर पर आउट हुए। ब्रैथवेट ने 185 गेंदों पर नौ चौकों के सहारे 72 रन बनाये और वह तीसरे बल्लेबाज के रूप में 166 के स्कोर पर पवेलियन लौटे। शाई हॉप ने 22 और काइल मेयर्स ने नाबाद 36 रनों का योगदान दिया।

# इमरान के गोल से राजस्थान ने एमपी से मुकाबला ड्रा कराया

जयपुर, 1 दिसंबर। मेजबान राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच संतोष ट्रॉफी पश्चिमी जोन की मैच 2-2 से ड्रॉ रहा।

मेजबान राजस्थान ने मध्य प्रदेश के साथ मैच में पहले मिनट से ही तेजी से खेलना शुरू किया। लेकिन मध्यप्रदेश को 20वें मिनट में पहली कामयाबी मिली जहां टीम के खिलाड़ी अर्जुन गौतम ने पहला मैदानी गॉल किया। राजस्थान की टीम ने वापसी का प्रयास किया और पहले हाफ के ख़त्म होने से पहले इमरान खान ने राजस्थान की तरफ से गॉल कर टीम को बराबरी पर ला दिया। पहले हाफ में राजस्थान और मध्यप्रदेश की टीम 1-1 पर रही।दूसरे हॉफ में दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल जारी रखा। दूसरे हाफ के 22वें मिनट में मध्यप्रदेश को पेनेल्टी किक मिली उस पर साहिल रजक ने गॉल कर मध्यप्रदेश को 2-1 की बढ़त दिला दी। राजस्थान की टीम ने पिछड़ने के बाद जवाबी हमले और तेज कर दिए और इमरान खान ने ही अपना और टीम का दूसरा गॉल कर खेल बराबरी पर ला दिया। अंत में मैच 2-2 की बराबरी को खत्म हुआ। शुक्रवार, 3 को मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के बीच पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में मुकाबला होगा।



इस मौके पर राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन (आरएफए) के अध्यक्ष कर्नल मानवेन्द्र सिंह जसोल, आरएफए के सचिव दिलीप सिंह शेखावत, पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर राहुल सिंघी भी मौजूद रहे। साथ ही मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्लेयर नसरुद्दीन, जसवंत सिन्हा, प्रह्लाद सिंह ने खेल का आनंद लिया।

## 'एक-दो मैचों में लय पा जाएंगे इशांत'

मुंबई, 01 दिसम्बर। अपने करियर के दौरान इशांत शर्मा ने बहुत सुधार किया है। अपने करियर के पहले चरण में उनका औसत 38.44 था, जो कि दूसरे चरण में सुधर कर 27.21 हो गया है। पिछले 33 टेस्ट में उनका औसत 22.90 का रहा है, वहीं पिछले 18 टेस्ट में उन्होंने सिर्फ़ 19.14 की औसत से विकेट लिए हैं। हालांकि न्यूज़ीलैंड दौरे पर चोट लगने के बाद से उनका औसत बढ़कर 32.71 हो गया है। इस दौरान उन्होंने आठ टेस्ट खेले हैं। पिछले इंग्लैंड दौरे और फिर कानपुर टेस्ट के दौरान कॉमेंटेटर्स ने भी यही कहा कि उनमें लय नहीं दिख रहा है, जिसके कारण उनकी गति और मूवमेंट भी प्रभावित हो रही है।

भारत के नए गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे की माने तो यह इशांत के लियर बस लय पाने का मामला है। उन्होंने कहा, "इशांत ने लंबे समय से क्रिकेट नहीं खेला है। वह आईपीएल और टी20 विश्व कप में नहीं खेलें। इससे अंर्तपैदा होता है।

## भारत-न्यूजीलैंड की तैयारियों को झटका

मुम्बई 1 दिसम्बर। भारत और न्यूजीलैंड को बारिश के कारण मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में बुधवार को अपना प्रैक्टिस सेशन रद्द करना पड़ा है। वानखेड़े स्टेडियम की पिच कवर कर दी गई है, क्योंकि यहां बुधवार सुबह से ही बारिश हो रही है।

भारत और न्यूजीलैंड की टीमें कानपुर से मंगलवार की शाम यहां दूसरे टेस्ट के लिए पहुंची। दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था। पहला टेस्ट ड्रॉ होने और सीरीज का आखिरी मैच होने की वजह से मुंबई टेस्ट की अहमियत काफी बढ़ गई है। इस मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम टेस्ट सीरीज भी अपने नाम कर लेगी। 25 प्रतिशत दर्शक क्षमता की परमिशन मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में लगभग पांच साल बाद टेस्ट क्रिकेट की वापसी होगी।

# विराट के लिए कौन होगा बाहर : रहाणे, पुजारा या मयंक

मुंबई, 01 दिसम्बर। भारतीय कोच के रूप में राहुल द्रविड़ अपने दूसरे ही टेस्ट मैच में संकट में फंसते नजर आ रहे हैं। द्रविड़ को यह मुश्किल फैसला लेना है कि पूर्णकालिक कप्तान विराट कोहली की टीम में वापसी के बाद एकादश में उनकी जगह बनाने के लिए अजिंक्या रहाणे, चेतेश्वर पुजारा या मयंक अठावाल में से किसकी बलि चढ़ेगी।

पहले टेस्ट में श्रेयस अय्यर ने 105 और 65 की शानदार पारियों को खेलकर ना सिर्फ़ भारत को संकट से उबारा बल्कि उन्हें जीत के दहलीज तक पहुंचाया। इसलिए उन्हें बाहर करना काफ़ी कठिन होगा, ख़ासकर तब जब भारत के तीन प्रमुख मध्यक्रम बल्लेबाज़ों का पिछले दो साल का औसत सिर्फ़ 27.3 है। भारतीय टीम प्रबंधन के पास तीन विकल्प हैं। पिछले मैच में कप्तान रहे अजिंक्या रहाणे का पिछले 16 टेस्ट मैचों में औसत सिर्फ़ 24.39 का रहा है। इसमें एक शतक भी शामिल है। उनका करियर औसत अब 40 से भी कम हो गया है। घर पर उनका औसत सिर्फ़ 35.73 है, जो पिछले पांच सालों में और कम होकर सिर्फ़ 30.08 रह गया है। भारतीय टीम प्रबंधन के लिए यह सबसे आसान विकल्प होगा कि वह रहाणे को बाहर करें, विराट अपने पुराने बल्लेबाज़ी क्रम नंबर चार पर आएं और अय्यर कानपुर टेस्ट की ही तरह नंबर पांच पर उतरें।

चेतेश्वर पुजारा ने 2014-15 में मेलबोर्न टेस्ट में मैच बचाने वाली पारी खेली थी, लेकिन अगले सिडनी टेस्ट में वह टीम में नहीं थे। 2015 में उन्होंने श्रीलंका में एक हरी-भरी कठिन पिच पर शतक बनाया लेकिन एक घरेलू सीरीज़ में अच्छा ना करने के कारण उन्हें अगले वेस्टइंडीज़ दौरे पर टीम में जगह नहीं मिली।लेकिन अब पुजारा को शतक लगाए हुए लगभग तीन साल हो गए हैं। इस दौरान उन्होंने 23 मैचों में सिर्फ़ 28.61 की औसत से रन बनाए हैं। हां, उन्होंने बीच-बीच में कुछ अच्छी पारियां ज़रूर खेली हैं लेकिन उनके कद को देखते हुए वे नाकाफ़ी हैं।